त्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित की

दिनांक: 02 अक्टूबर, 2018

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज राजभवन के गांधी सभागार में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनके चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

राज्यपाल ने कहा कि महात्मा गांधी की 150वीं जयंती का विशेष महत्व है। केन्द्र तथा राज्य सरकार के स्तर पर दो वर्ष तक चलने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा निर्धारित की गयी है जिसमें विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। राष्ट्रीय स्तर पर गठित समिति के अध्यक्ष राष्ट्रपति हैं तथा कार्याध्यक्ष प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी हैं। इसी प्रकार राज्य स्तर पर गठित समिति का अध्यक्ष राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को कार्याध्यक्ष बनाया गया है। उन्होंने कहा कि दो वर्ष तक चलने वाले कार्यक्रम से निश्चित रूप से देश एवं प्रदेश को लाभ होगा।

श्री नाईक ने कहा कि सभी लोगों को अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुये देश और प्रदेश को स्वच्छ बनाने के लिये गांधी जयन्ती के अवसर पर संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री ने अलग-अलग समय पर देश का नेतृत्व किया। गांधी जी ने देश को आजादी दिलाई तथा शास्त्री जी ने देश की आजादी की रक्षा करके अपने नेतृत्व को सफल साबित किया। उन्होंने कहा कि सभी को गांधी जी के सपनों को साकार करने पर विचार करना चाहिये।

इस अवसर पर भातखण्डे संगीत संस्थान सम विश्वविद्यालय के कलाकारों ने गांधी जी के प्रिय भजन प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री हेमन्त राव, विशेष सचिव डॉ0 अशोक चन्द्र सहित राजभवन के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

अंजुम/ललित/राजभवन (380/5)